Obituary Reference

The Speaker made references to passing away of Shri Kalyan Jain,Member of Sixth Lok sabha,Shri Bapusaheb Parulekar,Member of Sixth and Seventh Lok Sabha,Shri Vakkom Purushothaman,Member of Eighth and Ninth Lok Sabha,Shri Janardan Prasad Mishra,Member of Tenth and Twelfth Lok Sabha,Shri Ram Singh Yadav,Member of Seventh and Eighth Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ मैं सभा को हमारे पांच पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं।

श्री कल्याण जैन: मध्य प्रदेश के इंदौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य थे। उन्होंने मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। श्री कल्याण जैन का निधन 13 जुलाई, 2023 को 89 वर्ष की आयु में इंदौर में हुआ।

श्री बापूसाहेब परुलेकर: महाराष्ट्र के रत्नागिरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे लोक लेखा समिति के सदस्य

भी रहे। श्री बापू साहेब परुलेकर का निधन 27 जुलाई, 2023 को 94 वर्ष की आयु में रत्नागिरी, महाराष्ट्र में हुआ।

श्री वक्कोम परुषोत्तमन: केरल के पूर्ववर्ती अल्लेपी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं और 9वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पुरुषोत्तमन 8वीं और 9वीं लोक सभा में सभापति तालिका के सदस्य थे। उन्होंने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति और अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के सभापति के रूप में भी कार्य किया है। वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे। इससे पूर्व, श्री पुरुषोत्तमन पांच कार्यकाल के लिए केरल विधान सभा के सदस्य तथा दो कार्यकाल के लिए केरल विधान सभा के अध्यक्ष भी रहे। श्री पुरुषोतमन ने 1993 से 1996 तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के उप-राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। श्री वी. पुरुषोत्तमन का निधन 31 जुलाई, 2023 को 95 वर्ष की आयु में तिरुवनंतपुरम में हुआ।

श्री जर्नादन प्रसाद मिश्र: उत्तर प्रदेश के सीतापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं और 12वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री मिश्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण और वन संबंधी समिति के सदस्य रहे। श्री जर्नादन प्रसाद मिश्र का निधन 01 अगस्त, 2023 को 84 वर्ष की आयु में सीतापुर, उत्तर प्रदेश में हुआ।

श्री राम सिंह यादव: राजस्थान के अलवर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं और 8वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री राम सिंह यादव लोक लेखा समिति, नियम समिति, विशेषाधिकार समिति तथा याचिका समिति के सदस्य रहे। इससे पूर्व, श्री यादव राजस्थान विधान सभा के सदस्य रहे और उन्होंने राजस्थान विधान सभा के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। श्री राम सिंह यादव का निधन 07 अगस्त, 2023 को 95 वर्ष की आयु में जयपुर में हुआ।

हम अपने पांच पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11.04 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

ॐ शांति: शांति: शांति: ।